प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 30.08.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए अपने विचार साझा करेंगे।
- 'लघु उद्योग दिवस' आज–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उद्यमियों को आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव बताया।
- प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव की हलचल तेज–अब तक 13 हजार से ज्यादा नामजदगी के पर्चे भरे गये।
- राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित नीट–पीजी परीक्षा आज आयोजित की जा रही है।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 137वीं कड़ी होगी। 'मन की बात' का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूजऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर भी किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी 'मन की बात' का प्रसारण करेगा।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ताशकंद में उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शफकत मिर्जि योयेफ के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों नेता राष्ट्रपति भवन में व्यापार और निवेश, रक्षा, डिजिटल संपर्क, ऊर्जा, शिक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने जैसे मुद्दों पर सहयोग की समीक्षा करेंगे।

0000

आज 'लघु उद्योग दिवस' है। यह दिन देश के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में छोटे व्यवसायों और सूक्ष्म, लघू और मध्यम उद्यमों के योगदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज लखनऊ में आयोजित उद्योग सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह सम्मेलन उनके तीन दिवसीय दौरे का तीसरा और अंतिम दिन है। पीएम सेतु योजना के अंतर्गत आयोजित इस सम्मेलन में कौशल विकास, उद्यमिता और व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में श्री सिंह लखनऊ छावनी क्षेत्र में एक सौ एक करोड़ रुपये की 12 विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इधर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेश की आर्थिक प्रगति में योगदान देने वाले सभी छोटे बडे व्यवसायियों को शुभकामनाएं दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शर्मा ने कहा कि अपने हुनर, मेहनत और नवाचार से स्थानीय उत्पादों को पहचान देने वाले ये उद्यमी आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव हैं।

0000

नेपाल के बाढ़ प्रभावित इलाकों के लिए 11 टन राहत सामग्री लेकर चौथी उड़ान काठमांडू पहुंच गई है और नेपाल सरकार को सौंप दी गई है। विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि नेपाल में चल रहे बचाव और राहत कार्यों को सफल और सुचारू बनाने के लिए सही सामग्री और तकनीकी क्षमताओं का होना सबसे महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले, भारत तीन उड़ानों के जरिए 57 टन से अधिक आपातकालीन राहत सामग्री नेपाल भेज चुका है। मंत्रालय ने बताया है कि नेपाल में अब तक 88 भारतीय नागरिकों को बचाया जा चुका है, जबकि 287 भारतीय नागरिक लापता हैं। रसुवा स्थित एक जलविद्युत परियोजना से चार भारतीय नागरिकों को बचाया गया। नेपाल सरकार ने संकट की इस घडी में भारत की तत्काल मदद की सराहना की है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने भी भारत की सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। इधर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत नेपाल की हरसंभव सहायता के लिए तत्पर हैं।

0000

प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव के लिए हलचल तेज हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार 10 हजार 245 वार्डो के लिए अब तक करीब 13 हजार से अधिक नामांकन दाखिल किये गये है। कल नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का अंतिम दिन है। इसके बाद ही कुल प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो सकेगी।

0000

राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम–आरजीएचएस के तहत जारी होने वाले चिकित्सकीय परामर्श और प्रिस्क्रिप्शन पर अब चिकित्सक खुद अपने हस्ताक्षर और मुहर लगाकर सत्यापित करेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने कल स्वास्थ्य सेवाओं में विश्वसनीयता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ये महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। आरजीएचएस से संबद्ध सभी अस्पतालों को इन निर्देशों की तत्काल और सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा और स्वास्थ्य सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि नए निर्देशों के अनुसार, हर आरजीएचएस पर्ची को संबंधित एम्पैनल्ड चिकित्सक द्वारा व्यक्तिगत रूप से जांचना, सत्यापित करना और प्रमाणित करना अनिवार्य होगा। नए निर्देशों में यह स्पष्ट किया गया है कि कोई भी अन्य व्यक्ति संबंधित चिकित्सक की ओर से पर्ची पर हस्ताक्षर या प्रमाणीकरण नहीं कर सकेगा। आरजीएचएस की परियोजना अधिकारी डॉ. निधि पटेल ने बताया कि प्रिस्क्रिप्शन तैयार करने, क्लिनिकल विवरण दर्ज करने अथवा डेटा एंट्री में संस्थागत नियमों के अनुसार सहयोग लिया जा सकता है, लेकिन रोगी के क्लिनिकल निष्कर्ष, निदान, निर्धारित दवाइयों, जांचों तथा उपचार की अंतिम जिम्मेदारी संबंधित एम्पैनल्ड चिकित्सक की ही होगी।

0000

राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित नीट–पीजी 2026 परीक्षा आज आयोजित की जा रही है। ये परीक्षा सुबह 9 बजे से शुरू हुई जो साढे बारह बजे तक चलेगी। परीक्षा के लिए जयपुर सहित 12 जिलों में 48 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा कंप्यूटर आधारित है। परीक्षा के सुचारू, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष आयोजन को लेकर प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। परीक्षा केन्द्रों पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, सुगम यातायात तथा परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है।

0000

पाली में रामसरिया गांव के पास एक सड़क हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई। यह हादसा बेकाबू कार के मोटरसाईकल को पीछे से टक्कर मारने से हुआ। पुलिस के अनुसार यह कार जातरूओं को लेकर रामदेवरा जा रही थी।

0000

सवाईमाधोपुर में रणथम्भौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग आज से 5 सितम्बर तक अस्थायी रूप से बंद रखा जायेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षित आवागमन को ध्यान में रखते हुए इस अवधि में मंदिर मार्ग पर रखरखाव और आवश्यक मरम्मत का काम किया जाना प्रस्तावित है। वन विभाग ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि 5 सितम्बर तक इस मार्ग का उपयोग ना करें और विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करें।

0000